मोरहाबादी में आतिशबाजी के बीच हुआ रावण दहन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में मंगलवार की शाम विजयादशमी के अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में जुटे। रक्षा राज्य मंत्री और झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की उपस्थिति में रावण दहन किया गया। इस दौरान पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। वहीं, भव्य आतिशबाजी ने लोगों का दिल जीत लिया। आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरती आतिशबाजी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले सोने की लंका का दहन किया गया। इसके बाद बारी-बारी से मेघनाद, कुंभकर्ण और रावण के विशाल पुतलों को जलाया गया। पुतलों में आग लगते ही मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। रावण के पुतले के दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। पुतलों से उठती आग की लपटों और आतिशबाजी के नजारे को लोगों ने अपने मोबाइल फोन में कैद किया।

मोरहाबादी मैदान में रावण दहन के दौरान की गई भव्य आतिशबाजी ने समारोह को और आकर्षक बना दिया। आसमान में एक के बाद एक रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी के नजारे देखकर मैदान में मौजूद लोग रोमांचित हो उठे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने रावण दहन का आनंद लिया। जैसे ही रावण का पुतला आग की लपटों में घिरा, मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। राज्यपाल संतोष गंगवार ने बताया कि विजयादशमी का पर्व भगवान श्रीराम की ओर से रावण पर विजय प्राप्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। रावण दहन के माध्यम से समाज को अहंकार, अन्याय और बुराई का त्याग कर सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जाता है। मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम ने इसी परंपरा को जीवंत किया। लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ पर्व मनाया। इस आयोजन के साथ ही राजधानी में दशहरा उत्सव का उल्लास अपने चरम पर पहुंच गया।

राजधानी के बिड़ला मैदान में जला 45 से 50 फीट का रावण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : राजधानी के बिड़ला मैदान में रावण दहन समारोह आयोजित कर 45 से 50 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। महादेव फाउंडेशन के संस्थापक मृत्युंजय सिंह, उप महापौर नीरज सिंह, महानगर भाजपा के अध्यक्ष वरूण साहू समेत अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। महादेव फाउंडेशन के संस्थापक ने रावण के पुतले को जलाया, जबकि उप महापौर नीरज कुमार ने मेघनाथ के पुतले का दहन किया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कुंभकरण के पुतले को जलाया। मौके पर कानपुर से आये कलाकारों ने महाकाल की बेहतर प्रस्तुती दी। साथ ही शिव विवाह, शिव तांडव और अन्य कार्यक्रमों से घंटों दर्शकों को रिझाया। इस मौके पर शानदार आतीशबाजी आकर्षन का केंद्र बनी रही। मारवाड़ी समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ अग्रवाल ने मौके पर सुखदेव नगर थाना प्रभारी, महानगर भाजपा अध्यक्ष, उप महापौर और महादेव फाउंडेशन के अध्यक्ष को शॉल और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

संक्षिप्त समाचार

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी महानवमी एवं विजयादशमी

रांची : पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में महानवमी एवं विजयादशमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, कन्या पूजन, अन्नपूर्णा सेवा एवं पारंपरिक शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। महानवमी के अवसर पर मंदिर एवं श्री राधा रानी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडेय ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई तथा भगवान को भोग अर्पित किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया,अरविंद अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार, सुनीता अग्रवाल एवं संजय सर्राफ सहित ट्रस्ट के अनेक सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में पापांकुशा एकादशी का व्रत आज

रांची :राजधानी के दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वार (तिरुपति बालाजी)मंदिर में गुरूवार को आश्विन शुक्ल पक्ष की पापांकुशा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर तिरुमाला के अधिष्ठित देवता श्रीतिरुपति बालाजी का सनातन वैदिक परम्पराओं का निर्वहन करते हुये प्रातः वंदन, सुप्रभातम् आदि नित्याराधनम के पश्चात अन्य अनुष्ठानों को संपन्न करके दर्शनार्थ श्रद्धालुओं के लिये मंदिर के बाहरी गोपुरम कपाट को खोल दिया जाएगा। समस्त श्रद्धालु प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक एवं सायं 4:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक दर्शन पूजा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आश्विन शुक्ल पक्ष की एकादशी को पापांकुशा के नाम से जाना जाता है। जिसका अर्थ है पाप पर अंकुश लगाने वाला। यह एकादशी सब पापों को हरने वाले तथा उत्तम है इस दिन भगवान श्रीहरि वेंकटेश्वर की पूजा से यह एकादशी संपूर्ण मनोरथ , स्वर्ग और मोक्ष की प्राप्ति के साथ सुंदर स्त्री, धन एवं मित्र को देनेवाली है। आज के दिन जो कोई व्रतधारी शार्ङ्ग धनुष धारण करने वाले सर्वव्यापक भगवान जनार्दन श्रीहरि वेंकटेश्वर के शरण में जाते हैं, उन्हें कभी यमलोक की यातना नहीं भोगनी पड़ती।

एचईसी परिसर में गरीबों की झोपड़ियां उजाड़ने की नगर निगम की कार्रवाई अनुचित : उर्मिला यादव

रांची : नगर निगम की पूर्व पार्षद उर्मिला यादव ने कहा है कि एचईसी आवासीय परिसर में गरीबों के आशियाने को नगर निगम प्रबंधन द्वारा उजाड़ दिया जाना अनुचित कदम है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में रांची नगर निगम के सहायक कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा तत्कालीन वार्ड संख्या 44 (वर्तमान में वार्ड 41) के लाभुकों के लिए 15 मार्च 2017 को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवेदन के लिए एक पत्र जारी किया था। उक्त पत्र में स्पष्ट उल्लिखित था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नियुक्त परामर्शी द्वारा जो प्लान तैयार कर निगम के अनुमोदन हेतु दिया गया है, इस योजना में वार्ड 44 भी चयनित है। सर्वेक्षण के बाद लाभुकों की सूची स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराई गई। नगर निगम के 29 जुलाई 2016 की कार्यवाही पत्र के अनुसार वार्ड कार्यालय में सूची को प्रदर्शित भी किया गया और लाभार्थियों से आवेदन भी प्राप्त किया गया। लाभुकों का सत्यापन व जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी आज से शुरू, राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे उद्घाटन

रांची : भारत की उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति, सरकारी पहलों और विकास यात्रा का उत्सव मनाने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी स्वर्णिम भारत एक्सपो 2026 का आयोजन 22 से 24 अक्टूबर तक रांची क्लब लिमिटेड में किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन 22 अक्टूबर 2026 को सुबह 10:00 बजे झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और सांसद आदित्य प्रसाद द्वारा किया जाएगा। परिचित फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस एक्सपो की परिकल्पना एवं पहल आदित्य प्रसाद ने की है। इसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं, संस्थागत उपलब्धियों और राष्ट्र की विकास प्राथमिकताओं के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। विकसित भारत @2047, आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के राष्ट्रीय दृष्टिकोण से प्रेरित यह प्रदर्शनी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, वैज्ञानिक संस्थानों और विकास संगठनों को एक साझा मंच पर लाएगी, जहां वे भारत की प्रगति में अपने योगदान को प्रदर्शित करेंगे। स्वर्णिम भारत एक्सपो 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई प्रमुख सरकारी विभागों, राष्ट्रीय संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भागीदारी रहेगी।

बीमा कंपनी के साथ एमओयू नहीं होने से कर्मचारी को स्वास्थ्य चिकित्सा का लाभ नहीं : साह

रांची : झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने राज्य मे कार्यरत एवं सेवनिवृत कर्मचारियों के लिए दिनांक0 1 मार्च 26 से 04 मई 26 के बीच टाटा एआईजी और झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के बीच एमओयू नहीं होने के कारण सैकड़ो कर्मचारियो की उक्त अवधि मे हुए इलाज की प्रतिपूर्ति मे आ रही दिक्कतों का मामला उजगार करते हुए , इसे अविलम्ब हल निकालने का आग्रह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ विभाग झारखण्ड सरकार,अजय कुमार सिंह से किया है. राज्य कर्मचारिओं एवं सेवनिवृत कर्मचारिओं को स्वास्थ्य बीमा लाभ हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने का प्रावधान की गई है. वर्तमान मे नियमित एवं सेवा निवृत कर्मचारी जो विगत दिनांक 01 मार्च 2026 से 04 मई 2026 के बिच जो इलाज कराये हैं, उनकी खर्च की प्रतिपूर्ति हेतु क्लेम बिल सम्बंधित बीमा कंपनी आवेदन लेने से इंकार कर रहा हैं, विदित है की स्वास्थय बीमा के लिए सभी कर्मचारी हर वर्ष बीमा की राशि का भुगतान समय पर कर रहे है, टाटा एआईजी बीमा कंपनी और झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाइटी जसास, झारखण्ड सरकार के बीच इलाज पर खर्च की प्रतिपूर्ति हेतु एमओयू कर समझौता हुई है.

शहीद संस्मरण दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : शहीद संस्मरण दिवस पर झारखंड में वीर पुलिसकर्मियों के त्याग, समर्पण और कर्तव्यपरायणता को याद किया गया। झारखंड पुलिस के निर्देश पर राज्य के विभिन्न जिलों में शहीद पुलिसकर्मियों को बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा जनसेवा एवं कर्तव्य निर्वहन के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की गयी। मौके पर विभिन्न जिले के तमाम पुलिस प्रतिष्ठान एवं पुलिस केन्द्र स्थित शहीद स्मारक में अमर शहीदों को भावभिनी श्रीद्धांजलि अर्पित की गयी जिसमें जिले के वीर साथियों और शहीदों को याद किया गया जिन्होंने जिले के आंतिरक सुरक्षा कानुन-व्यवस्था और नागरिकों की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति दी । हजारीबाग में पुलिस उप महानिरीक्षक अंजनी झा, एसपी अमन कुमार, एसडीपीओ अमित आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पिति किया।

उधर नवीन पुलिस केंद्र, रांची में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीद पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना गया।

नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपित गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : रांची के मुरी ओपी क्षेत्र के सिल्ली में 17 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मारदू गांव निवासी भागवत महतो उर्फ भगवान दास के रूप में हुई है।

डीएसपी मनीष चंद्रलाल ने बुधवार को बताया कि बताया कि भगवान दास के खिलाफ दुष्कर्म के अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसकी निशानदेही पर मोबाइल व कपड़े बरामद किया गया है।

उल्लेखनीय है कि गत 18 अक्टूबर की रात युवती मेला घूमकर लौट रही थी। लेकिन वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तालाश की। उसका शव छापरगढ़ा स्थित जंगल से बरामद किया गया था।

आरोप है कि मेला से लौटते वक्त रास्ते में ही भगवान दास ने युवती के साथ पहले दुष्कर्म किया, फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने शव को जंगल में फेंक दिया और खुद गायब हो गया।

घटना के बाद सिल्ली इलाके में आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस ने आरोपित का पता लगाने और गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी ने दो दिनों के भीतर आरोपित भगवान दास को गिरफ्तार कर लिया।

भगवान दास ने पुलिस को बताया है कि उसने फोन करके युवती को बुलाया था। फिर उसके साथ संबंध बनाया और उसकी हत्या कर दी। टीम में मुरी ओपी प्रभारी विकास कुमार पासवान, सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे। जांच में पुलिस केंद्र रांची की स्निफर डॉग टीम और एफएसएल मोबाइल वैन टीम की भी मदद ली गई।

सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कालेजों में बढ़ेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

विशेष संवाददाता

रांची : झारखंड के 24 जिलों के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 11.62 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इस राशि से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम, चिकित्सा उपकरण, मशीनें और अन्य जरूरी सामग्रियों की खरीद की जाएगी। इसका लाभ सदर अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी मेडिकल कॉलेजों को मिलेगा। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से जारी आवंटन आदेश के अनुसार, कुल 11 करोड़ 62 लाख 55 हजार 583 रुपये खर्च किए जाएंगे। आवंटित राशि का सबसे बड़ा हिस्सा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए निर्धारित किया गया है। राज्य के 24 जिलों में स्थित 191 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए करीब 9.53 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। राज्य के 24 सदर अस्पतालों के लिए करीब 1.20 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा 13 अनुमंडल अस्पतालों के लिए करीब 64.86 लाख रुपये और पांच सरकारी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के लिए करीब 24.95 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इन संस्थानों में जरूरत के अनुसार चिकित्सा उपकरणों और अन्य सामग्रियों की खरीद की जाएगी। इस आवंटन में एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर, एसएनएमसीएच धनबाद, फुलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका, मेदनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग शामिल हैं। इन मेडिकल कॉलेजों में आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की खरीद से मौजूदा सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम की व्यवस्था से तकनीकी संपर्क और समन्वय से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

मां दुर्गे की विदाई में जमकर महिलाएं खेली सिंदूर की होली

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची: आस्था, सुहाग और नारी शक्ति का अनूठा संगम मां दुर्गा को विदाई देने की परंपरा में छिपा है बंगाली समाज का सांस्कृतिक गौरव और खुशहाली का संदेश। नम आंखों से मां दुर्गे को विदाई देने के क्रम में महिलाओं ने मां के चरणों में सिंदूर लगाकर सुहागवती महिलाएं अपनी मांगों में सिंदूर लगाती रही. मांगो में सिंदूर और गालों में सिंदूर लगाकर विजयदशमी की बधाई दी.

यह दृश्य बांग्ला पद्धति से आयोजित बांग्ला पंडाल मैं यह देखने को मिला. रांची में दुगार्बाड़ी देश प्रिय क्लब साउथपाड़ा क्लब समेत बंगाली पंडाल में देखने को मिला.

सिंदूर खेला केवल सिंदूर लगाने और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने की रस्म नहीं है, बल्कि यह बंगाली समाज की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक पहचान, वैवाहिक मंगलकामना और नारी शक्ति का जीवंत प्रतीक है। दुर्गा पूजा के अंतिम दिन, विजयादशमी के अवसर पर मनाई जाने वाली यह परंपरा मां दुर्गा को मायके से विदाई देने की भावुक बेला को उत्सव में बदल देती है। लाल सिंदूर से रंगे चेहरे, एक-दूसरे को गले लगाती महिलाएं और ढाक की थाप के बीच गूंजते जयकारे इस परंपरा को विशिष्ट पहचान देते हैं।

बंगाली मान्यता के अनुसार, मां दुर्गा अपने बच्चों के साथ हर वर्ष मायके आती हैं और कुछ दिनों तक भक्तों के बीच रहती हैं। विजयादशमी के दिन उनकी विदाई होती है। इसी अवसर पर महिलाएं मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित करती हैं और फिर एक-दूसरे के माथे तथा चेहरे पर सिंदूर लगाकर सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करती हैं।

इस रस्म में एक ओर मां के विदा होने का भावुक क्षण होता है, तो दूसरी ओर अगले वर्ष उनके फिर लौटने की उम्मीद। इस तरह सिंदूर खेला विदाई के दुख और पुनर्मिलन की आशा को एक साथ अभिव्यक्त करता है।

बंगाली हिंदू परंपरा में सिंदूर को सुहाग, वैवाहिक मंगल और सौभाग्य से जोड़कर देखा जाता है। सिंदूर खेला के दौरान महिलाएं मां दुर्गा के चरणों में श्रद्धा व्यक्त करती हैं और उनसे परिवार की सुख-शांति तथा समृद्धि का आशीर्वाद मांगती हैं।

यहां सिंदूर केवल एक धार्मिक सामग्री नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक स्मृति का हिस्सा है। लाल रंग उत्साह, शक्ति और शुभता का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि इस अवसर पर लाल-पार वाली सफेद साड़ियों में सजी महिलाओं का दृश्य बंगाली दुर्गा पूजा की पहचान बन चुका है।

महापर्व छठ को लेकर रांची नगर निगम अलर्ट सभी छठ घाटों की सफाई दुरुस्त करने का निर्देश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : आगामी महापर्व छठ के मद्देनजर रांची नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न तालाबों एवं छठ घाटों की साफ-सफाई तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का कार्य कराया जा रहा है, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी घाटों को व्यवस्थित कर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए तैयार किया जा सके।

इस संबंध में नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि महापर्व छठ के दौरान किसी भी घाट पर व्यवस्था से संबंधित किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी घाटों पर समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा घाटों के आसपास के क्षेत्रों में भी नियमित रूप से सफाई कराई जाए।

समुचित साफ-सफाईः सभी तालाबों एवं छठ घाटों की बेहतर तरीके से सफाई कराई जाए। घाटों के चारों ओर एवं आसपास के क्षेत्रों में निरंतर सफाई सुनिश्चित की जाए। खतरनाक स्थलों की पहचानः जिन घाटों एवं तालाबों में पानी अधिक गहरा है, वहां लाल फीते से स्पष्ट निशान लगाया जाए तथा श्रद्धालुओं को सतर्क करने के लिए खतरे के निशान संबंधी साइनेज लगाए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को कम किया जा सके।

स्ट्रीट लाइट की मरम्मतीः तालाबों एवं छठ घाटों के आसपास के क्षेत्रों में खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मती कराई जाए, ताकि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।निरंतर निगरानी एवं सफाईः सभी घाटों के आसपास नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखी जाए तथा संबंधित अधिकारी कार्यों की निगरानी करते हुए समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। रांची नगर निगम द्वारा महापर्व छठ को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। निगम प्रशासन का उद्देश्य है कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को घाटों पर स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित आवागमन तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।

नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय पर पूर्ण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को महापर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

विद्यालय परिसर में आज लगेगा आधार शिविर, बच्चों के आधार में होगा सुधार

रांची : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निदेर्शानुसार विद्यार्थियों के आधार नामांकन, आधार कार्ड में सुधार और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) के लिए 22 अक्टूबर को विद्यालय परिसर में आधार शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अभिभावकों को सूचित किया गया है कि यूडायस प्लस पोर्टल के अनुसार उनके बच्चों का नाम आधार संबंधी लंबित सूची में दर्ज है। ऐसे में अभिभावकों से निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की गई है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविर में आने वाले अभिभावकों को विद्यार्थी का मूल जन्म प्रमाण-पत्र, पुराना आधार कार्ड (यदि उपलब्ध हो), माता या पिता का आधार कार्ड तथा विद्यार्थी के आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर साथ लाने को कहा गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में राज्य के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने पर जोर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

रांची : झारखंड के आयात-निर्यात को बढ़ावा देने और राज्य के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी अनीमेश चौधरी के बीच बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई। चैंबर भवन में आयोजित बैठक में निर्यात की संभावनाओं, व्यापारिक सुविधाओं के विस्तार और निर्यातकों को आने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विदेश मंत्रालय में डायरेक्टर (ओशिनिया) के पद पर कार्यरत और 2011 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अनीमेश चौधरी ने व्यापारिक संभावनाओं को विकसित करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने आश्वस्त किया कि झारखंड चैंबर के साथ भविष्य में भी समन्वय और संवाद बनाए रखते हुए व्यापारिक सुविधाओं के विकास तथा निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग के अवसर तलाशे जाएंगे।

चैंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा कि झारखंड में उद्योग, खनिज, कृषि आधारित उत्पादों और विनिर्माण क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य के उद्यमियों और उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए बेहतर अवसर और अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने निर्यात के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को साझा करते हुए प्रक्रिया सरल बनाने और व्यापारिक संपर्कों का विस्तार करने के सुझाव दिए।

शिवालिक लघु वित्त बैंक लिमिटेड.
रजिस्टर्ड ऑफिसः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली - 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के नीचे दिए गए लोन लेने वालों को बताया जाता है कि बैंक से लिए गए गोल्ड लोन को उन्होंने अलग-अलग नोटिस और अलग-अलग मांगों के बावजूद एडजस्ट नहीं किया है। सभी लोन लेने वालों को बताया जाता है कि बैंक के पास सिक्योरिटी के तौर पर रखे गए सोने के गहनों की नीलामी करने का फैसला किया गया है और इसलिए यह सुबह 11:00 बजे उस ब्रांच में तय किया गया है जहाँ से लोन लिया गया था। लोन लेने वाले, अकाउंट होल्डर और आम लोग, सभी इस नीलामी में नीलामी की शर्तों के हिसाब से हिस्सा ले सकते हैं।

नीलामी की तारीख 30.10.2026 सुबह 11:00 बजे है।

क्रमांक	शाखा	खाता नंबर	खाताधारक का नाम
1	इंदिरापुरम	101942525880	अखिलेश कुमार सिंह

बैंक बिना किसी पहले से सूचना के किसी भी अकाउंट को ऑक्शन से हटाने या ऑक्शन को कैंसिल करने का अधिकार रखता है। **प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।**